## खबर संक्षेप

### 30 मार्च को भव्यता से मनेगी भगवान महावीर जयंती

**बुढ़ार।** आगामी 30 मार्च को पूरे देश विदेशों में सभी जगहों में तिथि अनुसार जिन शासन नायक भगवान महावीर की जन्म जयंती जैन अनुयायियों द्वारा भव्यता से पारंपरिक तरीकों से मनाई जाएगी। पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी एवं पूज्य मुनि श्री शीतल सागर के पावन सानिध्य मिलने से इस वर्ष बुढार समाज में एक विशेष उत्साह देखने में आ रहा है। 30 मार्च को प्रातः 7 बजे से श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी में पूज्य मुनि श्री प्रसाद सागर जी, शीतल सागर जी के मुखारबिंद से 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी जी का महा मस्तकाभिषेक किया जाएगा। मुनि श्री की आहार चर्या के पश्चात दोपहर 1.30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी से श्री जी की भव्य शोभा यात्रा , विमान जी, पालकी, भव्य जुलुश के साथ निकाली जाएगी जो पारंपरिक मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर जी में आहुत होगी जहां नगर भ्रमण पश्चात श्री जी का मस्तकभिषेक किया जाएगा। शाम के वक्त भगवान की महा आरती एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।उक्त समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में बुढार, धनपुरी, अमलाई सभी जगहों की कमेटियां, पाठशाला के बच्चों की बढ़ चढ़ कर भूमिकाएं रहेंगी।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर पुलिस ने एक युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले बेरहम आरोपी को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया है। प्यार का ढोंग कर मानसिक प्रताडन्ना का जाल बुनने वाले आरोपी नीलमणि उपाध्याय उर्फ संजू उम्र 27 वर्ष को पुलिस ने साइबर फॉरेंसिक की मदद से घेरा और बुधवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जयसिंहनगर निवासी 22 वर्षीया शिवानी उर्फ अनामिका शुक्ला ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली थी। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध था, लेकिन जयसिंहनगर पुलिस ने इसे महज एक मर्ग मानकर ठंडे बस्ते में नहीं डाला। पुलिस ने मृतिका का मोबाइल जब्त कर जब उसे सायबर फॉरेंसिक जोन शहडोल भेजा, तो जो सच सामने आया वह चौंकाने वाला था। जांच में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि खड्डा (ब्यौहारी) निवासी नीलमणि उपाध्याय मृतिका को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। पुलिसिया तफ्तीश में व्हाट्सएप चैट, इंस्टाग्राम मैसेज और कॉल डिटेल्स के ऐसे डिजिटल साक्ष्य मिले, जो आरोपी की करतूत बयां कर रहे थे। घटना के दिन भी आरोपी ने मैसेज और कॉल के जरिए युवती को इस कदर आहत किया कि उसने मौत को गले लगा लेना ही बेहतर समझा।संपूर्ण साक्ष्यों और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 25 मार्च को दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस अंधे कत्ल जैसी गुत्थी को सुलझाने में थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा, सउनि अनिल गौतम, प्र.आर. बांके सिंह, आरक्षक सुमित गुर्जर, नीरज शुक्ला और महिला आरक्षक खुशबू लोधी की भूमिका रही।

### 5 साल से फरार स्थाई वारंटी धराया

**शहडोल।** कानून के लंबे हाथों से बचकर चार सालों से लुका-छिपी खेल रहे एक शातिर अपराधी को आखिरकार देवलोंद पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी राजेश सोनी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।आरोपी राजेश सोनी निवासी धारी नं. 02 वर्ष 2020 से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी धारा 294, 323, 506 के गंभीर मामले में फरार चल रहा था। माननीय न्यायालय ब्यौहारी द्वारा इसके विरुद्ध लंबे समय से स्थाई वारंट जारी था। शातिर आरोपी पुलिस को चकमा देकर अपनी जगह बदल रहा था, लेकिन मुखबिर के सटीक जाल ने उसकी आज़ादी छीन ली। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा और सीधे न्यायालय के कटघरे में खड़ा कर दिया। इस सफल ऑपरेशन में सउनि इन्दलाल पुरी, आरक्षक आदित्य सिंह, सतीश मिश्रा, जितेन्द्र मण्डलोई और चित्रांशु शुक्ला की जांबाज भूमिका रही।

## सोहागपुर में जंगल और सरकारी जमीन पर जेसीबी का खूनी प्रहार!

# खाकी और खादी की ओट में तालाब निगल रहे भू-माफिया

**शहडोल।** जिले से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने सुशासन के दावों की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। सोहागपुर स्थित नगर सेना ग्राउंड के पीछे, भू-माफियाओं का दुस्साहस इस कदर बढ़ गया है कि वे अब न केवल सरकारी जमीन और जंगलों को अपनी जागीर समझ रहे हैं, बल्कि सदियों पुराने अस्तित्व वाले तालाबों का गला घोंटने पर उतारू हैं। करोड़ों की बेशकीमती भूमि पर जेसीबी के पंजे बेखौफ चल रहे हैं, और प्रशासन मौन साधे तमाशा देख रहा है।



### तालाबों का अस्तित्व खत्म, नियम ताक पर

नगर सेना ग्राउंड के पीछे स्थित ये तालाब और भीठा (ऊंची भूमि) केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी की रीढ़ हैं। लेकिन भू-माफियाओं ने इन्हें समतल कर कंक्रीट का जंगल बनाने की तैयारी कर ली है। जेसीबी मशीनों के जरिए तालाबों के मूल स्वरूप को बदलकर वहां अवैध सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि जिस जमीन का उपयोग केवल जलाशय और सार्वजनिक कार्य के लिए सुरक्षित है, उसे निजी फायदे के लिए टुकड़ों में बेचा जा रहा है।

### पन्नी फैक्ट्री की आड़ में बड़ा खेल

शिकायत के मुताबिक, जंगल और सरकारी जमीन पर स्थित पुरानी पन्नी फैक्ट्री के पास की जमीन पर माफियाओं की काली नजर है। यहां बिना किसी सरकारी अनुमति के सडक़ों का निर्माण किया जा रहा है। जब स्थानीय निवासियों ने इस अवैध काम को रोकने की कोशिश की, तो माफियाओं ने नगर पालिका का फर्जी सुरक्षा कवच पहन लिया। माफियाओं का दावा है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने उन्हें सडक़ बनाने की अनुमति दी है। सवाल यह उठता है कि क्या नगर पालिका को यह अधिकार है कि वह सरकारी तालाबों और संरक्षित जंगल की जमीन पर निजी माफियाओं को सडक़ बनाने की छूट दे।

### कहीं का पट्टा, कहीं की जमीन

इस पूरे घोटाले का सबसे काला पहलू कागजी हेराफेरी (तर्मीम) है। सूत्रों और शिकायतकर्ताओं के अनुसार, भू-माफियाओं के पास पट्टे कहीं और के हैं, लेकिन वे रसूख और भ्रष्टाचार के दम पर नगर सेना ग्राउंड के पीछे की प्राइम लोकेशन की जमीन को अपना बताकर बेच रहे हैं। पुश्तैनी रूप से काबिज स्थानों को छोडक़र, सरकारी और वन विभाग की करोड़ों की जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर उसे प्लॉट के रूप में भोले-भाले लोगों को बेचा जा रहा है। यह सीधे तौर पर राजस्व विभाग की नाक के नीचे हो रही एक बड़ी जालसाजी है।

### तो कल रेगिस्तान होगा सोहागपुर

स्थानीय वार्डवासियों और जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर को सौंपे पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस लैंड स्कैम को तत्काल नहीं रोका गया, तो करोड़ों की सरकारी संपत्ति खुर्द-बुर्द कर माफिया चंपत हो जाएंगे। प्रमुख मांगें जो प्रशासन के सामने चुनौती बनकर खड़ी हैं, सरकारी जमीन और तालाबों का स्वरूप बदलने वाले माफियाओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। तालाब और भीठा की भूमि को राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से शासकीय दर्ज कर उसे सुरक्षित (संरक्षित) किया जाए। वर्तमान में चल रहे अवैध निर्माण को तुरंत ध्वस्त कर मशीनों को जब्त किया जाए। उन चेहरों को बेनकाब किया जाए जिन्होंने नगर पालिका के नाम पर माफियाओं को अभयदान दिया है।

### कलेक्टर की साख दांव पर

कलेक्टर को सौंपे गए इस पत्र ने प्रशासनिक अमले में खलबली मचा दी है। यह केवल एक जमीन का विवाद नहीं है, बल्कि सोहागपुर के पर्यावरण और सरकारी संपत्ति को बचाने की अंतिम लड़ाई है। क्या प्रशासन इन भू-माफियाओं के गिरेबान तक हाथ डालेगा या फिर साहबों की फाइलों के नीचे यह मामला भी दबा दिया जाएगा?

## कमिश्नर ने तहसील कार्यालय सोहागपुर का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने तहसील कार्यालय सोहागपुर का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसील न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणो का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें एवं न्यायालय में राजस्व प्रकरण लंबित न रहे सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने सायबर तहसील के लंबित प्रकरणो के निराकरण की स्थिति में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सायबर तहसील के जो भी प्रकरण लंबित है, उनका निराकरण जल्द से जल्द कराएं। कमिश्नर ने फौती नामातंरण, आरसीएमएस, बंटवारा, राजस्व दायरा पंजी, सहित अन्य लंबित प्रकरणो के निराकरण की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त कर निराकरण करते हुए पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, तहसीलदार श्रीमती भावना डेहरिया, संभागीय सलाहकार उपेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



## महाअष्टमी पर भव्य महाआरती और नवमीं को होगा मां का दिव्य श्रृंगार

### विशाल भंडारा और खप्पर नृत्य के साथ निकलेगा भव्य जवारा जुलूस

**शहडोल।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर शहडोल नगर का हृदय स्थल श्री विराटेश्वरी धाम भक्ति के अनूठे रंग में रंगा हुआ है। जगत जननी मां भगवती की आराधना के इस महापर्व पर मंदिर परिसर में प्रथम दिवस से ही श्रद्धा की अविरल धारा बह रही है। इसी कड़ी में आगामी महाअष्टमी और महानवमी पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसे लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।
मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू नववर्ष के इस पावन अवसर पर 26 मार्च 2026, गुरुवार को महाअष्टमी के दिन मां विराटेश्वरी की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से गुंजायमान रहेगा। मां की ममतामयी छवि के दर्शन और आरती का पुण्य लाभ लेने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। नवरात्र के समापन की ओर बढ़ते हुए 27 मार्च, शुक्रवार को महानवमी के पावन अवसर पर मातारानी का विशेष दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के सेवादारों के अनुसार, मां का स्वरूप इस दिन अलौकिक होगा। वहीं 28 मार्च, शनिवार को मां के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जहाँ भक्त महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। आस्था का यह उत्सव 29 मार्च, रविवार को अपने चरमोत्कर्ष पर होगा। इस दिन ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस निकाला जाएगा। माँ भगवती के जवारे नगर भ्रमण पर निकलेंगे, जिसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। अंततः श्रद्धा और उल्लास के साथ स्थानीय मोहन राम तालाब में जवारों का विसर्जन किया जाएगा।श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूर्णतः निःशुल्क रखी गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से वाहन स्टैंडः मोटरसाइकिल और जूता-चप्पल स्टैंड की सुव्यवस्थित व्यवस्था। भक्त सेवाः शुद्ध पेयजल, लाइटिंग और नारियल तोडऩे की विशेष व्यवस्था। स्वच्छताः कथा-पूजन के पश्चात निरंतर सफाई अभियान। प्रसाद वितरणः अष्टमी की महाआरती के बाद भव्य महाप्रसाद का वितरण। समिति और मंदिर प्रबंधन ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मां के दरबार पहुंचकर आरती, श्रृंगार और भंडारे का पुण्य लाभ अर्जित करें।

## 9 मार्च से लापता महिला का जंगल में मिला कंकाल

**शहडोल।** शहडोल और अनूपपुर जिले की सरहद पर स्थित बकही के जंगलों में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक पेड़ से लटकता हुआ कंकालनुमा शव बरामद हुआ। यह लाश 15 दिनों से लापता 35 वर्षीया विधवा मनीषा कहार की निकली, जो अमलाई के ओपीएम क्षेत्र से फोटोकॉपी कराने के नाम पर निकली थी और फिर कभी लौटकर नहीं आई। शव की क्षत-विक्षत स्थिति देखकर इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार, मृतका मनीषा कहार के पति का निधन चार वर्ष पूर्व हो चुका था और वह मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। गत 9 मार्च को वह घर से जरूरी काम का बोलकर निकली थी। परिजनों ने अमलाई थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे। बुधवार को चचाई थाना क्षेत्र के बकही जंगल में चरवाहों ने जब पेड़ की टहनी से फंदे पर लटकता नरकंकाल देखा, तो उनके होश उड़ गए। शव की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि उसे पहचानना नामुमकिन था, लेकिन कपड़ों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उसकी शिनाख्त मनीषा के रूप में हुई। अब सवाल यह उठता है कि क्या एक घरेलू महिला खुदकुशी के लिए इतनी दूर घने जंगल में जाएगी। 15 दिनों तक पुलिस की सर्चिंग टीम क्या कर रही थी, क्या इस मौत के पीछे कोई ऐसा सफेदपोश चेहरा है जिसे छिपाने की कोशिश की जा रही है।



फिलहाल चचाई और अमलाई पुलिस आपसी समन्वय से मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी, लेकिन जिस तरह से शव कंकाल में तब्दील हुआ है, उससे साफ है कि मौत कई दिन पहले ही हो चुकी थी। खाकी के लिए यह मामला एक बड़ी चुनौती है। क्या पुलिस इस कंकाल के पीछे छिपे गुनहगारों तक पहुंच पाएगी या इसे महज एक आत्महत्या बताकर फाइल बंद कर दी जाएगी।

**न्यायालय मे श्री मान जिला न्यायाधीश महोदय बुढार जिला शहडोल म.प्र.**

प्रोसेस कं- 140/26
एमसीए प्रकरण क्रं - 01/26
तारीख पेशी -25/04/26

**नोटिस**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
1 निसार अहमद आयु 69 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद, 2 इसरार अहमद आयु 64 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद, 3 सज्जीर उर्फ गुड्डू आयु 57 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद सभी निवासी बुढार वार्ड नं 12 थाना बुढार जिला शहडोल म.प्र..............आवेदक

**बनाम**

1 ममताबाई आयु वर्ष पति स्व. बउआ उर्फ फारूख अहमद निवासी बुढार वार्ड नं 04 अहिरान टोला थाना व तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र., 2 कार्यपालन यंत्री लोकस्वास्थ यांत्रिकी खण्ड शहडोल जिला शहडोल म.प्र.।, 3. मुख्य अभियंता लोकस्वास्थ यांत्रिकी परिक्षेत्र जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. । 4 अधिक्षण यांत्रिकी लोकस्वास्थ विभाग शहडोल जिला शहडोल म.प्र. 5 भारतीय जीवन बीमा निगम बुढार जिला शहडोल म.प्र.
6 अन्य जिससे संबंधित हो.......अनावेदकगण

आवेदक 1 निसार अहमद आयु 69 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद, इसरार अहमद आयु 64 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद सज्जीर उर्फ गुड्डू आयु 57 वर्ष पिता स्व. सरदार अहमद ने आवेदक क्रं. 1 ता 4 के पास मृतक बउआ उर्फ फारूख अहमद का भविष्य निधि विभागीय भविष्य निधि की राश 610386 रू. समूह बीमा योजना राशि 39914 रू. सावधि बीमा सहय बचत योजना राशि 28219 रू. एवं उपादान राशि 775936 रू. कुल 1454445 रूपये के उत्तराधिकार ममता कोरी को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बुढ़ार ने प्रकरण क्रं. एमजेसी 20/20 एवं एमजेसी 01/21 में घोषित किया है, जिस आदेश के विरूद्ध यह अपील प्रस्तुत की गई है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक ....को प्रातः 11 बजे होगी।
अतः सूचित किया जाता है कि उक्त राशि के संबंध में आवेदक निसार वगैरह के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना पक्ष समर्थन इस न्यायालय में दिनांक...को उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत न होने पर आवेदन पत्र कि सुनवाई की जाकर आदेश पारित किया जायेगा।
उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर आवेदन पत्र कि सुनवाई आगामी कार्यदिवस को होगी।
आज दिनांक 16.03.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**सुशील अग्रवाल**
**जिला न्यायाधीश,बुढ़ार**
**जिला-शहडोल म.प्र.**

## सुरक्षा के दावों के बीच 11वीं के दो छात्र गायब, प्रबंधन की खुली पोल



**शहडोल।** जिले मुख्यालय से सटे धुरवार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है, लेकिन शिक्षा के लिए नहीं, बल्कि अपनी शर्मनाक लापरवाही के लिए। हॉस्टल की चाक-चौबंद सुरक्षा को ठेंगा दिखाकर कक्षा 11 वीं के दो छात्र रहस्यमयी ढंग से लापता हो गए हैं। सुबह की गणना में जब दो बिस्तर खाली मिले, तो वार्डन अरुण कुमार और प्रबंधन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई है, लेकिन सवाल वही है कि आखिर परिंदा भी पर न मार सके, ऐसे दावों वाले हॉस्टल से बच्चे हवा कैसे हो गए।
यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी छात्रावास से एक छात्रा लापता हुई थी, जिसका आज तक सुराग नहीं लगा। क्या एकलव्य हॉस्टल अब बच्चों की तस्करी या असुरक्षा का अड्डा बनता जा रहा है। भारी-भरकम बजट, ऊंची दीवारें और तैनात सुरक्षाकर्मियों के बावजूद अगर बच्चे गायब हो रहे हैं, तो यह सीधे तौर पर प्रबंधन की मिलीभगत या घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है।
परिजनों का आरोप है कि वे अपने कलेजे के टुकड़ों को अफसर बनाने भेजते हैं, लेकिन यहाँ उनकी जान और सुरक्षा ही खतरे में है। बंद गेट और पहरेदारी के बीच बच्चों का गायब होना हॉस्टल की आंतरिक व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन क्या प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति करेगा या इस लापरवाही के सिंडिकेट पर कोई सख्त एक्शन लेगा।

### इनका कहना है...

मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है और लापता छात्रों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।
**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी**
**सोहागपुर**

******

विभागीय स्तर पर मामले की जांच कराई जा रही है। जल्द ही छात्रों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।
**आनंद राय सिन्हा**
**सहायक आयुक्त**

## सीएम हेल्प लाईन में धनपुरी नपा का प्रदेश के टॉप परफॉर्मर्स




**शहडोल। प्रशासनिक सुस्ती और फाइलों के अंबार के बीच जिले की नगर परिषद धनपुरी ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरे मध्य प्रदेश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। जन शिकायतों के समाधान की अग्निपरीक्षा यानी सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में धनपुरी ने प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान झटक कर अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवा दिया है। यह उपलब्धि उन निकायों के मुंह पर करारा तमाचा है जो महीनों तक शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाले रखते हैं।**
जिले की कमान संभाल रहे कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के कड़े तेवर और जीरो टॉलरेंस नीति का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश थे कि जनता की समस्याओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी मार्गदर्शन को ढाल बनाकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर ने अपनी टीम के साथ शिकायतों के ढेर पर सर्जिकल स्ट्राइक की। नतीजा सबके सामने है, धनपुरी आज प्रदेश का रोल मॉडल बनकर उभरा है। सीएमओ पूजा बुनकर ने इस कामयाबी का राज खोलते हुए बताया कि विभाग में टालमटोल की संस्कृति को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। हर शिकायत को केवल बंद करना उद्देश्य नहीं था, बल्कि शत-प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण करना प्राथमिकता रही। समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के त्रिकोण पर काम करते हुए धनपुरी की टीम ने हर उस बाधा को पार किया जो नागरिकों और समाधान के बीच खड़ी थी। यह जीत किसी एक की नहीं, बल्कि उस टीम वर्क की है जिसने रात-दिन एक कर शिकायतों का निपटारा किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने धनपुरी की इस छलांग पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की पीठ थपथपाई है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की पहली और आखिरी जिम्मेदारी है। धनपुरी का यह प्रदर्शन जिले के अन्य सुस्त निकायों के लिए एक वेक-अप कॉल है। जो काम धनपुरी कर सकती है, वह बाकी क्यों नहीं? इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल धनपुरी की छवि चमकी है, बल्कि शासन की जनहितकारी मंशा पर भी मुहर लगी है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में धनपुरी अपनी इस हैट्रिक को बरकरार रखेगी और नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमाएगी।

भक्तिमय हुआ उमरिया

# माँ ज्वाला के दरबार में उमड़ा जनसैलाब

## समाजसेवी धीरू शर्मा ने पेश की सेवा की अनूठी मिसाल

उमरिया। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर समूचा जिला शक्ति की भक्ति में सराबोर है। कहीं मंत्रों की गूंज है, तो कहीं सेवा का संकल्प। जिले के पाली और नौरोजाबाद क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के अद्भुत रंग देखने को मिल रहे हैं। मां बिरासिनी की नगरी से लेकर मां ज्वाला के दरबार तक, हर ओर जय माता दी के जयघोष सुनाई दे रहे हैं।









### नर सेवा ही नारायण सेवा

पाली के युवा समाजसेवी और दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा (धीरू) ने इस नवरात्र नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प को धरातल पर उतारा है। वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. आर.के. शर्मा के पदचिन्हों पर चलते हुए धीरू शर्मा ने अपने निवास पर मां दुर्गा सप्तशती के नौ दिवसीय अनुष्ठान के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया है। नवरात्र की षष्ठी तिथि को उन्होंने एक प्रेरक पहल करते हुए नगर पालिका के सफाई कर्मियों को सपरिवार अपने गृह स्थान पर आमंत्रित किया। स्वच्छता के इन प्रहरियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया और उन्हें आदरपूर्वक विभिन्न व्यंजनों का भोजन परोसा गया। इस दौरान धीरू शर्मा ने उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जो समाज को स्वच्छ रखते हैं, उनका सम्मान करना ही माँ की सच्ची पूजा है। विख्यात पुरोहित पंडित राकेश उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह अनुष्ठान लोक कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना हेतु संपन्न कराया जा रहा है।

उमरिया का सुप्रसिद्ध माँ ज्वाला मंदिर इन दिनों आस्था का केंद्र बना हुआ है। देश-प्रदेश में विख्यात इस शक्तिपीठ में सुबह की पहली किरण से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए यहाँ भव्य जवारे कलशों की स्थापना की है। मंदिर परिसर में श्रीराम नाम संकीर्तन और भजनों की प्रस्तुति से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो चुका है। माँ ज्वाला मंदिर सेवा समिति द्वारा इस वर्ष कई नवाचार किए गए हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्राप्त हो रहे हैं। यहाँ प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन हो रहा है, जिसमें जाति-पाति के बंधनों को तोड़कर सभी धर्मों और संप्रदायों के लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचीं डीआईजी

नवरात्र के दौरान उमड़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने शहडोल संभाग की डीआईजी सविता सुहाने स्वयं मां ज्वाला के दरबार पहुंचीं। उन्होंने माँ की आरती कर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। दर्शनोपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। डीआईजी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो और आवागमन व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान नौरोजाबाद थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा ने उन्हें सुरक्षा घेरे और सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### भक्ति और सेवा का संगम

जिले में इस बार का नवरात्र केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सरोकार का उत्सव बन गया है। एक ओर जहां सिद्ध मंदिरों में मातारानी की आराधना हो रही है, वहीं दूसरी ओर धीरू शर्मा जैसे युवाओं द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का सम्मान करना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। श्रद्धलु मां बिरासिनी और मां ज्वाला के दर्शन कर लौटते समय इन भंडारों में प्रसादी पाकर निहाल हो रहे हैं।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने नरवाई जलाना किया प्रतिबंधित

उमरिया। जिले में रवि के सीजन में गेहूँ मुख्य फसल के रूप में ली जा रही है। उक्त फसल की कटाई मुख्य रूप से कंबाईन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसलों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है तथा पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को सेटेलाईट मैपिंग की जा रही है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिये नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि होती है। ग्रीष्म ऋृतु में बढ़ते जल संकट में इससे बढोत्तरी तो होती है ही साथ ही कानून व्यवस्था के लिये विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं।कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन धन संपत्ति प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सडने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्र्सजन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उन्होने वर्तमान मे गेहूँ फसल की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उमरिया जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का आदेश जारी किया है ।उन्होंने कहा है कि समस्त हार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्ट-के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रखना अनिवार्य होगा।फसलों की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नाटिफिकेशन द्वारा नरवाई में आग लगाना दण्डनीय होगा। यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163(2) के अंतर्गत आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न




उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर द्वारा एएनसी पंजीयन अनमोल पोर्टल पर 100 प्रतिशत किए जाने,हाई रिस्क गर्भवती माता के एनीमिया प्रबंधन का अपडेशन पोर्टल पर करने , एचपीवी वैक्सीनेशन हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा,एनआरसी की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने, 70 प्लस एवं सामान्य पोर्टल आधारित लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने, आउट रीच गतिविधि के तहत अधिक से अधिक किशोरियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनुपातिक लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि संतोष जनक ना पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने अन्य विभाग के साथ उचित रणनीति बनाते हुए कार्य करने, टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता द्वारा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों के माध्यम से कैच अप राउंड लगाकर शत प्रतिशत टीकाकरण करने हेतु अवगत कराया गया ।

बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग डॉक्टर पूनम द्विवेदी , सीएमएचओ डा व्ही एस चंदेल,सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर के सी सोनी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम दर्शन पंद्रम,जिला कार्यक्रम अधिकारी दिव्या गुप्ता, शिक्षा विभाग विनीत कुमार के व्ही समस्त स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम नोडल अधिकारी/ कंसलटेंट एवं समस्त विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर, सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर उपस्थित होने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नववर्ष-2026 के उपलक्ष्य में ली गई बैठक में निर्देश दिये थे कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन शासकीय निर्धारित समय प्रातः 10 से 6 बजे तक उपस्थित रहेंगे। निर्देश के परिपालन में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने निर्देशित किया है कि आप अपने विभाग अंतर्गत अधिकारी/ कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करावे। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर अधिकारी/ कर्मचारियों के साथ-साथ संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।



## चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन मंदिरों में काल रात्रि की आराधना करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज कोतमा। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मां दुर्गा के सातवें स्वरुप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही सभी मंदिरों में मां दुर्गा की अराधना शुरु हुआ है। क्षेत्र में इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम है, सभी आसपास के देवी मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते नजर आ रहें है। श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योती कलश भी स्थापित कराए गए है। वही मंदिरों में जस गीत व भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्ति भावना से सरोबोर है। महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरो में महिला मंडल सदस्यों के द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है। भजन कीर्तन सहित भोग प्रसाद का आयोजन की किया जा रहा है। वहीं शाम से देर रात तक देवी जस गीत की कीर्तन करती है। साथ ही स्थानीय भजन मंडलियां व महिलाएं काफी संख्या में शामिल होकर प्रत्येक दिवस मैया के जयकारे लगा रही हैं। आज नवरात्रि के आठवें दिन मंदिरों में मां गौरी की पूजा अराधना होगी। इस मौके पर कई स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन भी किया जाएगा। पर्व को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में सभी वर्ग के लोग शामिल हो रहे है। यही कारण है कि इन दिनों सुबह से ही भक्त देवी मां के मंदिर में पहुंच पूजा अर्चना कर मनोकामना मांगते नजर आ रहें है। माता की भक्ति में शक्ति देखने को मिलती है यही कारण है कि श्रद्धालु मन्नते पूरी होने पर अपने घर से बैंड बाजे के साथ दंड भरते हुए माता के दरबार तक पहुंच रहे हैं। सुबह से यह सिलसिला शुरू हो जाता है जो दोपहर तक निरंतर चलता है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही कई लोग माता की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं वहीं लोग उपवास भी रख रहे हैं। कोई पूरे 9 दिन का तो कोई प्रथम दिन पंचमी एवं अष्टमी का उपवास रख रहे हैं। नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर धर्मशाला मंदिर बुढानपुर गांव के अन्नपूर्णा मंदिर बूढी माता मंदिर में जहां नवरात्र के प्रथम दिन से ही प्रतिदिन कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। वहीं प्रत्येक घरों में भी कन्या भोज बड़े विधि विधान के साथ कन्याओं का पैर पूजन के साथ कन्याओं को उपहार देते हुए किया जा रहा है।

## बुढ़ापे का मजबूत सहारा बनेगी प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना प्रारंभ की गई है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बुढ़ापे का मजबूत सहारा होगी इस योजना के माध्यम से 60 वर्ष की आयु के बाद हर महीने इस योजना के पंजीकृत श्रमिकों को निश्चित पेंशन रुपए 3 हजार की गारंटीड पेंशन प्राप्त होगी इस योजना के तहत बराबर का योगदान जितना आप जमा करेंगे भारत सरकार उतना ही जमा करेगी पारिवारिक सुरक्षा लाभार्थी की मृत्यु के बाद नामिनी को 50 प्रतिशत पेंशन का लाभ प्राप्त होगा इस संबंध में आप अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर मानधान पोर्टल पर श्रमिक स्वयं को रजिस्टर करा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधान योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष के बीच के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार या उससे कम हो उठा सकेंगे श्रमिक ईपीएफओ, ईएसआईसी या एनपीएस के सदस्य नहीं होना चाहिए। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बचत बैंक खाता या जनधन खाता, आईएफएससी कोड के साथ तथा मोबाइल नंबर आवश्यक है।

## संवाद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की बैठक सहप्रशिक्षण संपन्न



उमरिया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संवाद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित नवांकुर संस्थाओं के प्रथम सत्र में उनके द्वारा गत माह मे किए गए कार्यों की समीक्षा, द्वितीय सत्र में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को नर्सरी निर्माण का प्रशिक्षण, उद्यानिकी विभाग के एम.एस.सैनी द्वारा दिया गया तथा नर्सरी बेड बनाने,बीज एवं पौधों का चयन, पॉलीथीन,बैग भरने व उपचार की विधि के बारे में तथा पौधों की देखभाल कैसे की जाती है इसका प्रशिक्षण मनोज कुशवाहा द्वारा दिया गया तत्पश्चात संभाग समन्वयक के द्वारा नवांकुर संस्थाओं से आगामी जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।

नवांकुर संस्थाओं द्वारा माह जनवरी,फरवरी मार्च में किये गए कार्यों का दस्तावेज परीक्षण कर समीक्षा की गई इसके पश्चात ग्राम डबरौहा मे स्थित नर्सरी का नवांकुर संस्थाओं को भ्रमण कराया गया वहां पर निर्मित नर्सरी के पौधों के बारे में जानकारी ली गई । कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन किया गया उपरोक्त बैठक में संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर,जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शुक्ला,विकासखण्ड समन्वयक मानपुर महेन्द्र सिंह तराम,विकासखण्ड समन्वयक पुष्पा तेकाम एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने ईव्हीएम गोदाम का किया औचक निरीक्षण



उमरिया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजनैतिक दलो के साथ कलेक्टर परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने सीयू कक्ष,बीयू कक्ष का निरीक्षण किया । इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया,राजनैतिक मान्यता प्राप्त दलों से धनुषधारी सिंह, शिशुपाल यादव,प्रदीप रजक,नीरज यादव,निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वेंकट नगर पुलिस द्वारा अवैध पशु तस्करी करने वाले वाहन एवं आरोपियों के विरूद्ध की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज जैतहरी। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध रूप से पशु तस्करी करने वाले आरोपीयो विरूद्ध कार्यवाही हेतु लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीओ(पी.) नवीन तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही। 25 मार्च को पुलिस सहायता केन्द्र वेंकटनगर पुलिस को रात्री गस्त के दौरान ग्राम मुण्डा में मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम भेलमा का ललन राठौर अपनी घर की बाड़ी में एक सफेद रंग की पीकप में पड़वा (भैंसा) ठूंस-ठूंस कर जबरजस्ती भर रहा है दो नग पड़वा को पीकप में भरकर बेरहमी से बैठाकर पीकप की डाली में लगें छल्लो से रस्सी से कसकर वांध दिया है जो मवेंसियो को हिलने डुलने व सांस लेने में तकलीफ हो रही है चारा पानी की व्यवस्था भी नही किया है बाकी चार नग पड़वा पीकप के पास वांधे है उन चारो को भी पीकप में लोड कर कहीं बाहर कटने को ले जाने



वाला है जो वेंकटनगर पुलिस मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही हेतु जेसे ही ललन राठौर निवासी भेलमा के घर की बाड़ी में टॉर्च लगाकर देखा गया तो एक सफेद रंग की पीकप खड़ी दिखी पीकप के पास से अंधेरे का फायदा उठाकर एक व्यक्ति भागा जो मौके पर उपस्थित साक्षीगणो द्वारा उस व्यक्ति को पहचान कर बताये कि यह तो ललन राठौर निवासी भेलमा भागा है फिर ललन राठौर की बाडी में खडी पीकप को चेक किया गया तो पीकर पीछे डाला में 02 नग पड़वा (भैंसा) बैठे हुये क्रूरता पूर्वक रस्सी से बंधे थे जो हिल ढुल नही पा रहै थे खड़े होने के लिये झटपटा रहे थे और 04 नग पड़वा (भैंसा) पीकप के बगल में लोड होने के लिये बंधे हुये थे जिनके लिये चारा पानी की भी कोई व्यवस्था नही थी, आरोपीयो का यह कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 11घ, ड़ पशु क्रूरता निवारण अधि. 1960 एवं 6,6(क), 6(ख)(1), 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम का अपराध पाये जाने से 06 नग भैंसा जिनका हुलिया रंग काला घुमावदार सींग जवान तगड़े कृषि योग्य कीमती प्रति नग 50000 रू की दर से 300000 रू के एवं वोलेरा पीकप कीमती 700000 रू का कुल मसरूका 1000000 रू का मौके पर घटना स्थल से समक्ष गवाहन जप्त किया गया आरोपी ललन राठौर निवासी भेलमा एवं वाहन बोलेरो पीकप के चालक एवं मालिक के विरूद्ध अपराध धारा 11घ,ड़ पशु क्रूरता निवारण अधि. 1960 एवं 6,6(क), 6(ख)(1), 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार, प्र.आर.48 सुजीत सिंह, आर.281 सोनू पर्ते की सराहनीय भूमिका रही है।

## बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थय पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज कोतमा। स्वास्थय विभाग द्वारा बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थय पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए सलाह दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ केएल दीवान ने बताया कि तेज धूप में ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण होता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे इलेक्ट्रोराइड का असंतुलन हो जाता हैं। डाक्टर संगीता प्रजापति ने बताया कि गर्मी के दौरान लू से बचाव के लिए नियमित पानी पीते रहे। धूप में बाहर निकलते समय शरीर को सूती वस्त्रों से ढक कर रखें और अखबारों एवं सोशल मीडिया पर आने वाले स्वास्थ्य संबंधी समाचारों का अवलोकन करें। डाक्टर राजकुमार तिवारी ने बताया कि गर्मी के दौरान लू से बचाव के लिए दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच धूप में न निकलें, इस समय लू लगने की संभावना अधिक होती है। मदिरा, चाय, कॉफी इत्यादि का अत्याधिक सेवन न करें। कोई भी अधिक मेहनत का कार्य करते समय पर्याप्त पानी पीते रहें और डिहाइड्रेशन से बचें। बासी भोजन का सेवन न करें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। इसके साथ ही लू के लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीकी चिकित्सालय में संपर्क करें।



## आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज कोतमा। महिला बाल विकास परियोजना कोतमा के द्वारा कोतमा एवं निगवानी, सेक्टर अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते एवं परियोजना अधिकारी सतीश कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा सेक्टर पर्यवेक्षक चिन्ती चौके के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के महत्व को अभिभावकों तक पहुंचाना तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की स्कूल पूर्व तैयारी कराई जाती है, जिससे उन्हें विद्यालय में प्रवेश के समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनके औपचारिक शिक्षा की शुरुआत सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।

## उपचार हेतु कलेक्टर ने 85 हजार रुपये के आर्थिक सहायता के आहरण की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के कोतमा निवासी राजेश राव कोडाली को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

## खबर संक्षेप

### जिपं सदस्य अजय गौंटिया बने प्रदेश अध्यक्ष



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद, संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली द्वारा कटनी जिले के जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया को जिला पंचायत सदस्य संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भी शामिल किया है। अजय गौटिया के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला पंचायत सदस्यों में खुशी का माहौल है। सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय गौंटिया ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसमें सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 11500 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि इसी क्रम में निगम के अतिक्रमण दल द्वारा सोमवार को शहर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों माधव नगर, विश्राम बाबा रोड एवं बरही रोड़, खिरहनी फाटक में वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किए गए। अभियान के दौरान जहां मुख्य मार्गों के किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले आदतन व्यवसायियों पर 8 हजार 300 रूपये का जुर्माना किया जाकर स्थल को खाली कराकर आवागम सुगम बनाकर, संबंधितों को सार्वजनिक मार्गों में दोबारा अतिक्रमण कर व्यवसाय नहीं करने की सख्त हिदायत भी दी गई।वहीं कार्यवाही के दौरान ऐसे वाहन जो सार्वजनिक मार्गों में अव्यस्थित रूप से खड़े होकर आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, उनके मालिकों के विरुद्ध भी 3 हजार 200 रूपये के जुर्माने की कार्रवाई की जाकर मार्ग के आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किये गए। नगर निगम द्वारा नागरिकों से सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें और अपने वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करने की अपील करते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र में विद्यारंभ प्रमाण पत्र किया वितरित



**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ के समस्त आंगनबाड़ी केदो में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर स्कूल में प्रवेश की पत्र रखने वाले बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन कर विद्या आरंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केदो में मंगलवार को बाल चौपाल के अवसर पर किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों शासकीय स्कूल के शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित कर उनसे बाल अवश्य शिक्षा प्राप्त कर विद्या आरंभ वितरण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विद्या आरंभ कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 05 से 06 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इससे आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा प्रतीत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षक की महत्वता स्पष्ट रूप से रेखांकित होगी और समुदाय इन्हें शिक्षा के प्रामाणिक केंद्र के रूप में स्वीकार करते हुए बच्चों को निर्मित रूप से केंद्र पर भेजने हेतु प्रेरित होगा।

## अठवाइन चढ़ाने महिलाओं में उत्साह, भव्य सिंगार और महाप्रसाद की तैयारियां पूरी

# आज अष्टमी: मां ज्वालामुखी व काली मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ेगा







चैत्र नवरात्र के अष्टमी पर्व पर गुरुवार 26 मार्च को पूरा धनपुरी कोलांचल भक्ति और आस्था में डूबा नजर आएगा। नगर के प्रसिद्ध मां ज्वालामुखी मंदिर और काली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ने की संभावना है। अष्टमी को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट, पूजा-अर्चना और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।

**धनपुरी।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं में अठवाइन चढ़ाने को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठेगा।मां ज्वालामुखी मंदिर और काली मंदिर में अष्टमी के दिन मां का भव्य और आकर्षक सिंगार किया जाएगा। फूलों, श्रृंगार सामग्री और रोशनी से सजा दरबार श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा। पिछले कई दिनों से श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जहां प्रतिदिन करीब 10 हजार भक्त मां के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।मां ज्वालामुखी मंदिर में अखंड ज्योति और ज्योति कलश की विशेष मान्यता है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर यहां ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मां के चरणों में की गई प्रार्थना अवश्य फलदायी होती है, यही कारण है कि दूर-दराज से भी भक्त यहां पहुंच रहे हैं।भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने व्यापक इंतजाम किए हैं। 10 सदस्यीय सेवा दल दिन-रात व्यवस्था संभाल रहा है। दर्शन, बैठने और प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अष्टमी के अवसर पर महाप्रसाद वितरण का भी विशेष आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।अष्टमी पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। मां के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच धनपुरी का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। आज का दिन श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है और हर कोई मां के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाने की कामना कर रहा है।आस्था का प्रतीक जवारालगातार तीन वर्षों से श्रद्धालु श्रीमती गीता सिंह (पति देवीदीन सिंह, निवासी शाहपुर, जिला शहडोल) मां के दरबार में जवारा स्थापित कर नौ दिनों तक उपवास रखती हैं। इस दौरान वे अपने सीने में जवारा रखकर 9 दिन तक संकल्प पूरा कर रही हैं, जो पूरे क्षेत्र में आस्था और विश्वास का अद्भुत प्रतीक बन गया है।



## बरगवां-अमलाई में जनसेवा की पहल: प्याऊ का शुभारंभ

**अमलाई।**

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रस्फुटन समिति द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में जनसेवा की एक सराहनीय पहल की गई है। सोडा फैक्ट्री गेट के सामने प्याऊ (शीतल जल सेवा) का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ पार्षद पवन चीनी के सहयोग से विवेक पांडेय के निवास स्थान के पास सड़क किनारे शुरू किया गया है।इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों, मजदूरों एवं आम नागरिकों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।पवन चीनी ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्य आवश्यक हैं और आगे भी जनसेवा के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे। वहीं, विवेक पांडेय ने भी सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि नगर परिषद क्षेत्र में इस तरह की सुविधाएं अन्य वार्डों में भी शुरू की जानी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## वनों को आग से बचाने अमले ने कसी कमर गाँव -गाँव बैठक कर नागरिकों को आग से बचाने लगा रहे पुकार

**बिरसिंहपुर पाली**



वनो को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने हर संभव तैयारी करते हुए गाँव गाँव बैठके आयोजित कर नागरिकों से अपील करते देखे जा रहे हैं। वन परिक्षेत्राधिकारी पाली खुद इसकी कमान संहाल रखी है, इसके लिए वह गाँवों में बैठके आयोजित करा कर आग से वनो को होने वाले नुकसान के बारे में समझाते हैं। वन परिक्षेत्राधिकारी सचिन कांत जी ने बतलाया कि महुआ के सीजन में आग लगाने की घटनाये बढ़ जाती है। जिस पर प्रभावी रोक लगाने के लिए हम ग्रामीणों के बीच में पहुँच कर उन्हें समझाइश देते है कि वनो को आग से बचाने की हम सबकी बराबर की जिम्मेदारी है क्योंकि आग लगने की घटनाये ग्रामीणों के बीच से ही उत्पन्न होती है। आपने बतलाया की महुआ के नीचे आप साफ सफाई कर महुआ बीनने का काम करें, न की महुआ के नीचे आग लगाकर साफ करने की कोशिश न करे, ताकि वन क्षेत्र में आग से सुरक्षित बना रहे। वन में आग लगने से होने वाले नुकसान के सन्दर्भ में बैठकों के माध्यम से चर्चा करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी सचिन कांत ने बतलाया की वन में आगा फैलने से वनस्पतियों को व्यापक नुकसान हो जाता है और आग की लपटों में वनस्पतियों की कई प्रजातियां विलुप्त हो जाती है और आग की विभीषिका बढ जाती है तो वन्य प्राणियों का जीवन खतरे में पड जाता है।आगे आपने बताया कि वनो में आग लगने से मिट्टी का क्षरण होने लगता है जिससे बाढ और सूखे की भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आपने बताया कि वन में आग लगने से वायु मंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ जाती है जो जलवायु के लिए बेहद खतरे उत्पन्न कर देती है । वन परिक्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाँव बेली, अमहा, रामपुर, बन्नोदा, गोयरा, परसौरा, करकटी आदि गांवों में पहुंच कर लोगों की बैठक कर समझाइश दे रहे हैं। इनके साथ वन विभाग का मातहत अमला उपस्थित रहा है, साथ ही वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पाली भी नागरिकों के बीच पहुंच कर बैठकों में भाग लेते देखें जा रहे हैं। इसके साथ ही वन विभाग दोपहर में जंगलों में पहुंच कर चौकसी बरतते है कि कहीं भी आग की घटनाये घटित न होने पाये।2

## आंगनबाड़ी केंद्रों में 'विद्या आरंभ सेरेमनी' का आयोजन, बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित



**अमलाई।**

शासन के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में सेक्टर बकहो, परियोजना बुढार अंतर्गत 'विद्या आरंभ सेरेमनी' कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र झगरहा बस्ती सहित सेक्टर के अन्य 23 केंद्रों में हर्षोल्लास के साथ किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत 5 से 6 वर्ष आयु के उन बच्चों को, जो पोषण ट्रैकर में दर्ज हैं, शाला प्रवेश से पूर्व आंगनबाड़ी केंद्रों से 'विद्या आरंभ प्रमाण पत्र' प्रदान कर ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, माता-पिता, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के स्वागत, तिलक वंदन एवं अभिनंदन के साथ की गई। इसके पश्चात अभिभावकों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा किए।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा भी बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को स्वल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।उक्त कार्यक्रम सेक्टर अंतर्गत नगर पालिका परिषद बकहो एवं ग्राम पंचायत साबो के सभी 24 केंद्रों में पर्यवेक्षक सीमा गुप्ता के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मुनि श्री के सानिध्य में श्रद्धा के साथ मनेगी भगवान महावीर जयंती, शोभायात्रा और महामस्तकाभिषेक के उमड़ेगा जनसैलाब



**बूढ़ार।** आगामी 30 मार्च को पूरे देश और विदेशों के साथ-साथ नगर में भी 'जिन शासन नायक' भगवान महावीर की जन्म जयंती पारंपरिक हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष का आयोजन विशेष होने जा रहा है, क्योंकि बूढ़ार जैन समाज को पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री शीतल सागर जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है। मुनिराजों की उपस्थिति से स्थानीय जैन अनुयायियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा:

प्रातः 7:00 बजे (महामस्तकाभिषेक): श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पूज्य मुनि श्री के मुखारबिंद से मंत्रोच्चार के बीच 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी का भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 1:30 बजे (भव्य शोभायात्रा): मुनि श्री की आहार चर्या के पश्चात श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर से भव्य विमान जी और पालकी के साथ विशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह शोभायात्रा नगर के पारंपरिक मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर जी पहुंचेगी, जहाँ नगर भ्रमण के बाद पुनः श्री जी का अभिषेक किया जाएगा।

संध्या काल (आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम): शाम को भगवान की महाआरती की जाएगी, जिसके उपरांत पाठशाला के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### सकल जैन समाज की सहभागिता:

इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए बुढ़ार, धनपुरी और अमलाई की सभी कमेटियां एकजुट होकर जुटी हुई हैं। कार्यक्रम में वासुपुज्य मंदिर समिति, शांतिनाथ मंदिर समिति, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन समिति, त्रिशला, जागृति व स्तुति महिला मंडल, पाठशाला समिति, विद्यासागर युवा संघ और बालिका मंडल सहित सकल जैन समाज बूढ़ार की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संबोधित, कई घोषणाएं

# निषादराज जयंती पर आकर्षक झांकियों के साथ निकली वाहन रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



भगवान श्री राम के अनन्य मित्र और सेवा के प्रतीक महाराजा गुहराज निषाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज को संबोधित करते हुए बड़ी सौगातें और प्रेरणादायक बातें कहीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान राम और निषादराज की मित्रता अटूट है, निषादराज के बिना भगवान राम की गाथा अधूरी है। उन्होंने निषाद समाज के गौरवशाली इतिहास को नमन करते हुए समाज के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि समाज को जल से जुड़े व्यावसायिक क्षेत्रों में उचित आरक्षण दिलाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष निषाद जयंती और भी अधिक भव्यता और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समाज के वरिष्ठों, पार्षद जयनारायण निषाद, संरक्षक वेंकट निषाद और युवा समाजसेवी श्याम निषाद से सीधे बात कर समाज का कुशलक्षेम जाना। निषादराज जयंती के कार्यक्रम की शुरुआत नई बस्ती निषाद मोहल्ले से हुई जहाँ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु वाहन रैली के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकले। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी और केवट राज की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में नेशनल चेस प्लेयर मोनिका निषाद, नृत्य कलाकार दिवांशी निषाद सहित समाज के वरिष्ठों और मातृशक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्यों के साथ-साथ कराटे और अन्य साहसी प्रदर्शनों ने युवाओं में जोश भर दिया।

**खबर संक्षेप**

## तीन हाथियों का समूह कठौतिया के जंगल में कर रहा विश्राम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह मंगलवार की रात वन परिक्षेत्र बुढार की सीमा से पार कर सीमा से लगे अनूपपुर वन मंडल के अहिरगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत पश्चिम कठौतिया के जंगल में बुधवार की सुबह पहुंचकर एक पेड़ के नीचे लेट कर वर्तमान समय सोए हुए हैं यह इलाका का राजस्व क्षेत्र शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील एवं जनपद के साथ सिंहपुर थाना क्षेत्र में आता है। तीन हाथियों का समूह मंगलवार की सुबह शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील एवं जनपद क्षेत्र के अरझुली पंचायत एवं वन बीट के राजस्व के जंगल में दिनभर विश्राम करने बाद देर शाम को सिलपरी गांव के ऊपर दलान में पहुंचकर किसानों के खेतों में लगी फसलों को आहार बनाते हुए देर रात दौरान के पहाड़ से उतर कर अनूपपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र अहिरगवां अंतर्गत पूर्व कठौतिया से जंगल से लगे कठई गांव के जमुनिहाटोला निवासी दरवेश सिंह के मकान में तोड़फोड़ कर कोटद्वार गांव निवासी महेश सिंह के बाडी में केला खाने बाद मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि 2 बजे वन परीक्षित अहिरगवां के पूर्व कठौतिया के जंगल से होते हुए सुबह होने पर 93 वें दिन पश्चिम कठौतिया बीट के बड़का उमरहा के जंगल में पहुंच कर ऊमर के पेड़ के नीचे तीनों हाथी लेट कर सो कर आराम एवं विश्राम कर रहे हैं तीनों हाथियों के देर शाम एवं रात होने पर शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील एवं जनपद अंतर्गत तलवाटोला, कोटवार खुर्द एवं कला, सामतपुर के इलाके में विचरण करने की संभावना है पद परिक्षेत्र अहिरगवां के परि, सहायक करपा बी,एवं,अडाली, वनपाल रणविजय सिंह, वनरक्षक उमेश सिंह सरठिया के साथ अन्य वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीण जनों को दिन के समय महुआ बीनने एवं अन्य कार्यों से जंगल नहीं जाने शाम एवं रात होने पर सुरक्षित स्थानों पर रहने हाथियों के विचरण की किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर वन विभाग या ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को तत्काल सूचित करने की अपील की है।

### 13 सिलेंडर जब्त, अवैध उपयोग पर कड़ी कार्यवाही

# घरेलू गैस पर चला प्रशासन का शिकंजा









**अनूपपुर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी छापामार कार्रवाई की। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न ढाबों, होटलों और प्रतिष्ठानों पर जांच की, जहां नियमों का उल्लंघन करते हुए घरेलू गैस का इस्तेमाल किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान कुल 13 एचपी गैस सिलेंडर जब्त किए गए है।**

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

जिले में लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा था, जिससे न केवल नियमों की धज्जियां उड़ रही थीं, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी गैस की उपलब्धता में परेशानी हो रही थी। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली के निर्देश पर खाद्य विभाग ने आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत प्रमुख मार्गों पर स्थित ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट और गैस वितरण केंद्रों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही कार्यवाही करते हुए 13 एचपी घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस केवल घरेलू उपयोग के लिए होती है और इसका व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस तरह की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद खतरनाक हैं।

### ढाबों और होटलों में पकड़ा गया गैस का खेल

छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने चचाई रोड स्थित इवनिंग प्वाइंट फैमिली ढाबा, अमरकंटक रोड स्थित ग्रीन सिटी फैमिली रेस्टोरेंट, ग्राम भेजरी के करण मिष्ठान भंडार सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की। यहां घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर तुरंत सिलेंडर जब्त कर लिए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि छोटे-बड़े सभी व्यवसायों में गैस के दुरुपयोग की प्रवृत्ति गहराई तक फैली हुई है।

### गैस वितरण केंद्र भी नहीं बचा जांच से

इस अभियान की खास बात यह रही कि केवल होटल और ढाबे ही नहीं, बल्कि गैस वितरण केंद्र भी जांच के दायरे में आए। दमहेड़ी स्थित श्रीराम सीएससी एवं गैस वितरण केंद्र से 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इससे साफ है कि नियमों की अनदेखी सिर्फ उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं, बल्कि आपूर्ति व्यवस्था में भी खामियां मौजूद हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### कानूनी कार्यवाही के साथ सख्त चेतावनी

खाद्य विभाग ने बताया कि संबंधित प्रतिष्ठानों ने द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 का उल्लंघन किया है। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने सभी व्यवसायिक संचालकों को चेतावनी दी है कि घरेलू गैस का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि आगे भी इस तरह की छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला: आरोपी मामा गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी मामा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में दर्ज इस मामले ने एक बार फिर नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाबालिग पीड़िता (काल्पनिक नाम सोनम) ने अस्पताल चौकी शहडोल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2025 के सितंबर माह में वह अपनी माता के साथ नानी के घर गई थी। इसी दौरान उसके मामा द्वारा उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता भय और दबाव के कारण लंबे समय तक चुप रही। बाद में गर्भवती होने की स्थिति सामने आने पर मामला उजागर हुआ। अस्पताल चौकी से प्राप्त सूचना के आधार पर जीरो पर अपराध दर्ज कर प्रकरण को थाना जैतहरी स्थानांतरित किया गया, जहां भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 64(2)(उ), 64(2)(f), 65(1), 351(3) एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं 5(स), 5(र)(पप), 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।



### शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस

पीड़िता की शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में जैतहरी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। महिला संबंधी अपराधों के शीघ्र निराकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रकरण की जांच प्राथमिकता से की गई और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए।

### आरोपी की गिरफ्तारी और न्यायिक कार्यवाही

जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी मामा, निवासी ग्राम अमगवा, को 24 मार्च को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल अनूपपुर भेजने का आदेश दिया। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि पुलिस ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

### सख्त धाराओं में दर्ज हुआ मामला

प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम की धाराएं भी लगाई गई हैं, जो नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों में कठोर दंड का प्रावधान करती हैं। संबंधित प्रावधानों के तहत दोष सिद्ध होने पर आरोपी को कड़ी सजा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

### जागरूकता और सुरक्षा पर जोर

इस घटना के बाद प्रशासन ने नाबालिगों की सुरक्षा एवं जागरूकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में परिवार और समाज की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, ताकि पीड़ित समय पर अपनी बात रख सकें। बच्चों को सुरक्षित माहौल और विश्वास प्रदान करना आवश्यक है, जिससे वे किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की जानकारी तुरंत दे सकें।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक जी.पी.एच. तिर्की, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह, आरक्षक मनीष तोमर, महिला आरक्षक मंजू भट्ट एवं आरक्षक रामेश्वर शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की तत्परता और समन्वय के चलते आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी की जा सकी। प्रशासन ने टीम के कार्य की सराहना की है।

## अधिवक्ता उमेश राय व विनय सिंह बघेल के खिलाफ लगा मुकदमा हुआ खारिज

### मामला नेगोसिबल इंस्ट्रूमेंट की धारा का

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जैतहरी के व्यापारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने जिला न्यायालय अनुपपुर में विनय सिंह बघेल के खिलाफ नेगोसिबल इंस्ट्रूमेंट के धारा 138 के तहत चेक बाउंस का केस का केस पेश किया था, ठेकेदार राहुल पांडे जैतहरी में कार्य के दौरान, जमानत के रूप में अपने मित्र विनय सिंह बघेल का चेक ओमप्रकाश अग्रवाल को दिए थे, काम खत्म हो जाने के बाद अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए ओमप्रकाश अग्रवाल ने विनय सिंह बघेल का चेक अपने खाते में प्रस्तुत किया था, पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण उक्त चेक अनादरित कर दिया गया था, एक लाख बीस हजार रुपए के चेक वर्णित राशि को वसूलने हेतु अनूपपुर न्यायालय में विनय सिंह बघेल के खिलाफ नेगोसिबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट का मुकदमा पेश किया गया था जिसमें सुनवाई के दौरान आवेदक ने विनय सिंह बघेल से नब्बे हजार रुपए प्राप्त करके रिसीविंग दे दिया था, शेष राशि अनावेदक विनय सिंह बघेल के अधिवक्ता उमेश राय के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया था, लोक अदालत के निर्णय के बाद आवेदक ने तात्कालिक न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की थी जिसे तथ्यहीन पाते हुए खारिज कर दिया गया था, इसके चार साल बाद ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा अधिवक्ता रूपांशु अग्रवाल के माध्यम से मिश्लेनियस पिटीशन पेश की गई थी जिसमें कहा गया था कि उन्होंने कोई राशि प्राप्त नहीं किया है उन्हें पूरी राशि दिलाई जाए और अधिवक्ता उमेश राय के खिलाफ कार्यवाही की जाय कि उन्होंने अधिवक्ता होने के बावजूद अपने कार्य के विरुद्ध आचरण किया है, इसकी शिकायत राज्य अधिवक्ता परिषद में भी की गई थी, याचिका में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने, ओमप्रकाश अग्रवाल की याचिका खारिज कर दिया है, अनावेदक विनय सिंह बघेल और अधिवक्ता उमेश राय की तरफ से एडवोकेट दीपक कुमार पांडे और एडवोकेट अनुभव सिंघल ने पक्ष रखा।

## सपने साकार करने अवसर का लाभ उठाएं युवा-जिपं अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह

**लक्ष्य प्राप्ति के लिए युवाओं में अनुशासन आकांक्षा व अथक प्रयास जरूरी- सीईओ जिला पंचायत**

**अप्रेंटिसशिप/मेगा जॉब फेयर के माध्यम से 202 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन**

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।



जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने कहा है कि युवा संगम, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप जॉब फेयर 2025- 26 का आयोजन स्किल इंडिया के सपने को साकार करने का मंच है। युवाओं को इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता का परचम लहराते हुए औद्योगिक कंपनियों में अपना स्थान बनाना चाहिए। उक्ताशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर में कौशल भारत-सशक्त भारत अंतर्गत आयोजित युवा संगम मेला अप्रेंटिसशिप/मेगा जॉब फेयर में युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से एवं युवाओं से चर्चा कर प्रोत्साहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने रोजगार मेला के विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन किया एवं रोजगार मेला में उपस्थित कंपनी प्रतिनिधियों एवं युवाओं से संवाद कर कंपनियों से जिले के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने एवं ज्यादा से ज्यादा चयन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने सपने सच करने व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीवन में अनुशासन, आकांक्षा, व अथक प्रयास आवश्यक है उन्होंने कहा कि युवा अनुशासन को कायम रखकर अपनी पढ़ाई को निरंतर नई ऊंचाइयां दें उन्होंने कहा कि युवा सपने देखे तथा बड़े मुकाम को हासिल करने के लिए आगे बढ़े उन्होंने कहा कि करियर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए उन्होंने अपनी मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से उपस्थित युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जिसका युवाओं ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। अप्रेंटिसशिप/मेगा जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 20 कंपनियों-मदरसन सुमी अहमदाबाद, एंड्राईड ड्राईवशाफ्ट पीथमपुर, जीडीएक्स सिक्योरिटी नोएडा, आज्ञा ऑटो लिमिटेड, एमआरएफ टायर दहेज गुजरात, बजाज ऑटो लिमिटेड पुणे, टाटा मोटर्स गुजरात, टेनको पीथमपुर, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा टू व्हीलर पीथमपुर धार, धूत ट्रांसमिशन पीतमपुर धार, कीर्ति इंडस्ट्रीज पीथमपुर धार, सुपर ऑटो लिमिटेड पुणे चाकन, इंडोरेक्स टेक्नोलॉजी पुणे, विक्टोरी प्राइवेट लिमिटेड पुणे, लर्नेट स्किल अनूपपुर, आई सेक्ट पीएमकेके अनूपपुर, एसआईएस सिक्योरिटी परसवार, ईसीएएम ग्रुप अनूपपुर, माता इंडिया देवास आदि के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर युवाओं को उनकी पात्रता एवं रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु काउंसलिंग की एवं पात्र युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया। मेले में रोजगार हेतु इच्छुक 369 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिनमें से 202 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। युवा संगम मेले में जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य वेदलाल महरा, जिला प्रबंधक आजीविका दीपक मोदनवाल, पशुपालन विभाग से डॉ लोकेश महोबे व डॉ पूजा महोबे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से सहायक प्रबंधक सुश्री प्रियंका सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि गण, पत्रकार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक आजीविका श्री दीपक मोदनवाल द्वारा किया गया।

## 5वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान, 8वीं में 6 से फिसलकर पहुंचे 11 स्थान पर5वीं में 99.14 फीसदी, 8वीं में 96.93 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले का मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इनमें अनूपपुर जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परिणामों के अनुसार कक्षा 5वीं में जिले के 11110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 11052 छात्र-छात्राएं सफल हुए, जिससे कक्षा 5वीं का कुल परीक्षा परिणाम 99.14 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में कुल 9991 परीक्षार्थियों में से 9684 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जिला शिक्षा समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने बताया कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस मामले में कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली ने परीक्षा परिणाम और उसकी तैयारी को लेकर कई माह पूर्व से शिक्षा विभाग की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए थे। यहां तक कि वे स्वयं कक्षा में पहुंचकर बच्चों से तैयारी संबंधित जानकारी लेते हुए उनसे सवाल जवाब भी पूछताछ किए। हालांकि यह परिणाम अनूपपुर जिले के लिए खुशी का पल है। लेकिन यहां आए परीक्षा परिणाम ने वर्ष 2025 में आए परिणामों में कम है। 2025 में जहां पांचवी की कक्षा के परिणाम एक पायदान नीचे फैसलकर तीसरे स्थान से चौथे पर पहुंचा है। वही कक्षा आठवीं के परिणाम भी प्रदेश स्तर के आए परिणामों में 6 से 11 वीं पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार जिले में वर्ष 2025 में 5वीं का 98.61 एवं 8वीं में 96.77 प्रतिशत परीक्षा रहा था, जो प्रदेश में 5वीं का तीसरा व कक्षा 8 का छठा स्थान रहा था।

## नवरात्रि में आस्था का केंद्र बना दुर्गा मढिया मंदिर, उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले के चचाई रोड स्थित प्राचीन दुर्गा मढ़िया मंदिर इन दिनों चैत्र नवरात्रि पर्व के चलते श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के शुभ अवसर पर यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रहती है जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। मंदिर को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्राकृतिक हरियाली फूलों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित माता की झांकी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। मंदिर के गर्भगृह में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आते हैं। मंदिर परिसर में बनाई गई सुंदर झांकी और जलधारा व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नवरात्रि के अवसर पर यहां प्रतिदिन विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जा रहा है। सुबह की आरती से लेकर शाम की महाआरती तक भक्तों की उपस्थिति बनी रहती है। महिलाएं पुरुष बच्चे और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ माता की आराधना में लीन दिखाई दे रहे हैं। कई श्रद्धालु उपवास रखकर माता की पूजा कर रहे हैं और परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। साफ सफाई पेयजल और प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयं सेवकों की तैनाती की गई है जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं का कहना है कि दुर्गा मढ़िया मंदिर वर्षों पुराना धार्मिक स्थल है जहां हर वर्ष नवरात्रि के दौरान विशेष आयोजन होते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि न केवल अनूपपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि के इन पावन दिनों में मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है। ढोल नगाड़ों की धुन जयकारों की गूंज और भक्तों की श्रद्धा इस स्थान को और भी दिव्य बना रही है। दुर्गा मढ़िया मंदिर में उमड़ रही यह भीड़ क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और एकता का प्रतीक बनकर सामने आ रही है।

## अनिवार्य रूप से कराएं पंप ऑपरेटरों की ट्रेनिंग

**अनुपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के समस्त ब्लॉकों में पंप ऑपरेटरों की ट्रेनिंग गंभीरता एवं तत्परता के साथ कराई जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ऑपरेटरों को तकनीकी दक्षता प्रदान की जाए जिससे हैंडपंप एवं नल-जल योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**
E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र./1941/न.परि./ई.टेन्ड./लोक.नि./2026 **ई- निविदा आमंत्रण सूचना** जैतहरी दिनांक 24/03/26

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_489825_1 | वार्ड क्रमांक 15 में सीसी रोड निर्माण कार्य | 34,57,850/- | 25,933/- | 5000/- | 03 माह |
| 2 | 2026_UAD_493608_1 | SHIFTING OF LT LINE WARD 6,7 AND 9. | 29,85,563/- | 22,391/- | 5000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 24/03/2026 समय शाम 15 :00 बजे से 25/03/2026 समय शाम 17 :30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाइड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है । 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है । 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संषोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाषन नही किया जावेगा निविदा के संषोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकरी**
**नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**